(ख) केन्द्रीय सरकार राज्यों में किन-किन नए स्थानों पर यह सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है; और

(ग) जिन कारणों से वायुदूत द्वारा यात्रा करना असुरक्षित माना जाता था उन्हें दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) वाणिज्यिक और परिचालनात्मक कारणों से वायुदूत के लिए भोपाल बेस को पुनः आरंभ करना संभव नहीं है। बेसों का रख-रखाव वाणिज्यिक और परिचालनात्मक आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है।

(ख) किसी नए स्थान से विमान सेवा शुरू करने के बारे में इस समय कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) वायुदूत द्वारा सुरक्षित हवाई परिचालन के लिए निम्नलिखित उपायों का पालन किया जाता है :–

1. विनिर्माताओं द्वारा निर्धारित अनुरक्षण चक्र और नागर विमानन महानिदेशक द्वारा निर्दिष्ट अनिवार्य जांच का कड़ाई से अनुपालन।

2. अनुरक्षण शेड्यूल की आवधिक समीक्षा और विमानों के बेहतर रख-रखाव के लिये अतिरिक्त जांच करना;

3. पायलटों और केबिन कर्मीदल की उड़ान जांच; और

4. अतिरिक्त निगरानी और पायलटों के कमान प्रशिक्षण के लिये अनुभव की परिसीमाएं।

Acceptance of the report of Court of enquiry

2470. SHRI DINESHBHAI TRIVEDI :Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is mandatory on the part of Government to accept in full the report of the Court of enquiry appointed by Government to investigate into the causes in the event of an air crash ;

(b) if not, reasons therefor ; and

(c) if so, whether Government have accepted all such reports without any modification?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA) : (a) to (c) The reports of the Courts of Inquiries are of fact finding and recommendatory nature. While it is not mandatory on the part of the Government to accept in full the report of the Courts of Inquiry, it normally does so.

Pay scales of pilots and engineers of Air India and Indian Airlines

2471. SHRI DINESHBHAI TRIVEDI : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether the pay scales of pilots and engineers of Air India and Indian Airlines are at par ; and

(b) if not, what is the level of difference?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA) : (a) and (b) No, Sir. The scales of pay of pilots and engineers in Air India and Indian Airlines are indicated in Statement.

Statement

Pay scales of pilots and Engineers in Indian Airlines and Air India I.

Pay scale of *Pilots*

(a) *Indian Airlines*	
Designation	*Pay Scale*
First Officer	Rs. 2545—60—3265
Captain	Rs. 2825—70—3025—120—3875
Commander	Rs. 3275—120—4355—125—4480
(b) *Air India*	
Co-Pilot	Rs. 2695—70—3025—120—4115
Sr. Captain	Rs. 3395—120—4355—125—4605

II. *Pay scales of Engineers*

(a) *Indian Airlines*	
Designation	
Asstt. Aircraft Engineer	Rs. 2005—50—2105—60—2825—70—2965
Aircraft Engineer	Rs. 2285—60—2825—70—3035—120—3395
Sr. Aircraft Engineer	Rs. 2765—60—2825—70—3035—120—3875
Supdtg. Aircraft Engineer	Rs. 2965—70—3035—120—4115
(b) *Air India*	
Asstt. Aircraft Engineer	Rs. 2005—50—2105—60—2825—70—2965
Aircraft Engineer	Rs. 2765—60—2825—70—3035—120—3875
Sr. Aircraft Engineer	Rs. 2965—70—3035—120—4115
Dy. Ch. Aircraft Engineer	Rs. 3155—120—4235.

भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों में ग्रामीणों को दी जाने वाली रियायत

2472. **श्री डा० अबरार अहमद :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में पर्यटन विकास निगम के होटलों में ग्रामीणों को दी जाने वाली 50 प्रतिशत की रियायत अब भी जारी है और यदि हां, तो ऐसी रियायत देने के मानदण्ड क्या हैं ;

(ख) क्या रियायत बंद करके दी गई है थ ; यदि हां, तो कब और किन कारणों से ; और

(ग) ग्रामीणों को पर्यटन-रूचि के स्थलों का भ्रमण करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की क्या योजनाएं हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) जी, हां ।